**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 14.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

आज ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ऊर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को दर्शाने और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष आज के दिन यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण–2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि बचत की गई ऊर्जा की हर इकाई प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। यह भविष्य के लिए संवेदनशीलता और परवाह का भी परिचायक है।

**********************

पाकुड़ जिले में कल्याण विभाग के खाते से 12 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है, जिस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चिंता जताई है। अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष में झारखंड पर्यटन विकास निगम, झारखंड विद्युत वितरण निगम, झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग समेत कई सरकारी खातों से लगभग 117 करोड़ रुपये की अवैध निकासी के मामले उजागर हो चुके हैं। श्री मरांडी ने इसे सोची–समझी साजिश बताते हुए प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई से पूरे मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**********************

रांची में विश्व तुलसी पूजन दिवस अभियान के तहत 20 दिसंबर को श्री योग वेदांत सेवा समिति की ओर से कोकर चौक, फिरायालाल चौक और बुटी मोड़ चौक पर वाहन यात्रा के माध्यम से सेवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 25 दिसंबर को सूर्यपुरी हेसल स्थित संत श्री आशारामजी बापू सत्संग भवन में मुख्य कार्यक्रम के तहत कंबल वितरण और भंडारे का आयोजन होगा।

**********************

जमशेदपुर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

बोकारो के मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में धनबाद लोकसभा सांसद ढुलू महतो ने सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया, जिसके पहले दिन मैराथन का आयोजन हुआ और सांसद ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर सांसद ढुलू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को सशक्त, मजबूत और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से ऐसे खेल महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं।

**********************

सांसद खेल महोत्सव के तहत आज रांची में तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें बच्चों ने अचूक निशानेबाजी से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सांसद संजय सेठ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि बच्चों का यह प्रदर्शन संकेत देता है कि भविष्य के कई उत्कृष्ट तीरंदाज रांची से उभरेंगे।

**************